धारनाकला में चार दिनों से अंधेरा कायम

पेयजल समस्या से जूझ रहे ग्रामीण, किसान भी परेशान

धारनाकला नवभारत। विद्युत विभाग की लचर कार्य प्रणाली के चलते धारना कला से सटे ग्राम पौनार कला मे आधे गावं मे चार दिनो से अन्धेरा छाया हुआ है ग्रामीण जनो ने अनेको बार पावर हाऊस जाकर शिकायत दर्ज करवाई किन्तु उनकी समस्याओ का निराकरण न हो सका और स्थिति यह है की लगभग पौनार कला के आधे गांव मे चार दिनो से अन्धेरा पसरा हुआ है जिससे ग्रामीण जनो के सामने अनेको समस्या ऐ उत्पन्न हो रही है

जहा ग्राम मे चार दिनो से विद्युत सप्लाई बाधित है वही दूसरी तरफ ग्रामीणो को चार दिनो से पेयजल संकट से जूझना पड रहा है चूकि नल जल योजना के तहत मिलने वाला पानी भी विद्युत सप्लाई के चलते लोगो के घरो मे नही पहुच पा रहा है और ग्रामीण खुले कुआ का पानी पीने को मजबूर है तथा विद्युत सप्लाई चार दिनो से बाधित होने के कारण किसान भी भारी परेशान और पीडित है चूकि गर्मी भरी उमस और धान रोपाई का कार्य प्रारंभ होने से किसान अपने खेत मे पानी तक नही चला पास रहे है चूंकि लगातार कुछ दिनो से बारिश न होने से किसानो के खेत मे लगाये रोपे तथा लगने वाले रोपे के लिये खेत मे पानी उपलब्ध नही है जिससे किसानो के खेत लाखो रूपये खर्च कर कराये बोर तथा पानी की मोटरे तक बंद पड़ी है जब इस संबध मे विद्युत विभाग के लाइनमैन से बात की गई तो बताया गया की ट्रांसफार्मर खराब हो जाने के कारण विद्युत सप्लाई चार दिनो से बाधित है ।

आला अधिकारियो के व्यवहार पर उठते सवाल

यहा यह बताना भी लाजिमी है की जब ग्रामीण अपनी समस्या लेकर विद्युत विभाग के पावर हाऊस पहुचे तो अधिकारियो के द्वारा समस्या के निराकरण के करने की बजाय टोल मटोल जवाब देते हुऐ अभद्रता की गई इस सम्बन्ध मे ग्राम के सरपंच छोटू पटेल तथा अन्य ने नाराजगी व्यक्त करते कहा की वैसे गरीबो को पूर्ण बिजली सप्लाई तो मिल नही रही है वही दूसरी तरफ अनाप शनाप बिजली बिल के कारण गरीब तथा किसानो की कमर टूटी हुई है किन्तु विभाग के आला अधिकारी उपभोक्ताओ से ठीक से बात तक नही करते क्या संवेदन शील जिला कलेक्टर का ध्यान इस ओर जायेगा।

तुमसर के जुआरियों द्वारा पिपरवानी में खिलाया जा रहा जुआ!

कुरई नवभारत। सिवनी जिले के कुरई थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पिपरवानी में कथित रूप से अवैध जुए का खेल संचालित होने की शिकायतें सामने आ रही हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि महाराष्ट्र के तुमसर क्षेत्र से आने वाले कुछ लोगों द्वारा यहां जुआ फड़ लगाया जा रहा है, जहां बड़ी संख्या में लोग पहुंचकर दांव लगा रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार लंबे समय से चल रही इस कथित गतिविधि से क्षेत्र का माहौल प्रभावित हो रहा है। लोगों का कहना है कि जुए के कारण युवा वर्ग भी इसकी चपेट में आ रहा है और कई परिवारों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों ने आरोप लगाया है कि खुलेआम चल रही इस गतिविधि पर प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से संचालकों के हौसले बढ़े हुए हैं। ग्रामीणों ने पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर अवैध जुआ संचालित करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। हालांकि लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। अब देखना होगा कि पुलिस प्रशासन इस मामले में जांच कर क्या कदम उठाता है। क्षेत्रवासियों की नजरें वरिष्ठ अधिकारियों की कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

बाबू का काम संभाल रहे कोटवार 1500 रूपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

उगली उप तहसील कार्यालय में लोकायुक्त की बड़ी कार्रवाई

उगली नवभारत। सिवनी जिले की केवलारी तहसील के अंतर्गत उप तहसील उगली कार्यालय में सोमवार को लोकायुक्त पुलिस जबलपुर ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बाबू का कार्य संभाल रहे कोटवार कमलेश गनवीर को 1500 रूपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। कार्रवाई के बाद पूरे तहसील कार्यालय में हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आरोपी कमलेश गनवीर निवासी पोंडी उप तहसील उगली कार्यालय में बाबू का कार्य देख रहा था। शिकायतकर्ता रीना ठाकरे, निवासी सरेखा खुर्द ने लोकायुक्त जबलपुर से शिकायत की थी कि उनके एवं उनके परिवार के विरुद्ध दर्ज एक प्रकरण को समाप्त कराने के नाम पर 3000 रूपए की रिश्वत की मांग की जा रही है। लोकायुक्त पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद मामले का सत्यापन कराया। जांच के दौरान 1500 रूपए की रिश्वत मांगने की पुष्टि होने पर लोकायुक्त की टीम ने योजनाबद्ध तरीके से ट्रैप कार्रवाई की। जैसे ही आरोपी ने शिकायतकर्ता से 1500 रूपए की रिश्वत ली, टीम ने उसे मौके पर ही रंगे हाथ पकड़ लिया।

कार्रवाई के बाद आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (संशोधित 2018) की प्रासंगिक धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई। इस पूरी कार्रवाई का नेतृत्व लोकायुक्त जबलपुर की निरीक्षक रेखा प्रजापति एवं निरीक्षक शीतला मर्सकोले ने किया। उनके साथ लोकायुक्त की टीम के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे। वहीं, मामले के सामने आने के बाद उप तहसील उगली कार्यालय में दिनभर चर्चाओं का माहौल बना रहा।

एक नजर में

अब तक जिले में 270 .4 मिमी औसत वर्षा दर्ज

सिवनी। जिले में मानसून की सक्रियता लगातार बनी हुई है।01 जून से 13 जुलाई 2026 तक जिले में कुल 270 .4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-संसाधन प्रबंधन कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार 01 जून से अब तक की संचयी वर्षा में बरघाट 351 .5 मिमी के साथ जिले में सबसे आगे है। इसके बाद लखनादौन में 331 .3 मिमी, केवलारी में 320 .8 मिमी, सिवनी में 315 .0 मिमी, कुरई में 234 .0 मिमी, छपारा में 216 .1 मिमी, धनौरा में 225 .5 मिमी तथा घंसौर में 169 .2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। वर्ष 2025 में 01 जून से 13 जुलाई तक 547 .8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई थी, जबकि इस वर्ष यह आंकड़ा 270 .4 मिमी है। पिछले वर्ष तहसीलवार वर्षा में सिवनी में 518 .0 मिमी, कुरई में 262 .0 मिमी, बरघाट में 337 .9 मिमी, केवलारी में 635 .6 मिमी, छपारा में 608 .5 मिमी, लखनादौन में 514 .1 मिमी, धनौरा में 567 .9 मिमी तथा घंसौर में 939 .0 मिमी वर्षा दर्ज की गई थी।

स्वरोजगार योजना के लिए आवेदन आमंत्रित

सिवनी। पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री उद्यम योजना एवं मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के अंतर्गत पात्र पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग के युवक -युवतियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सहायक संचालक, पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने बताया कि मुख्यमंत्री उद्यम योजना के अंतर्गत 1 लाख रुपये से 50 लाख रुपये तक तथा मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के अंतर्गत 10 हजार रुपये से 1 लाख रुपये तक के सेवा, उद्योग एवं व्यवसाय संबंधी प्रकल्पों के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। दोनों योजनाओं में इच्छुक आवेदक एमपी ऑनलाइन के Samast Portal के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

बैटरियों से भरे ट्रक में लगी आग

सिवनी नवभारत। जिले के नेशनल हाईवे-44 पर कुरई थाना क्षेत्र के ग्राम मोहगांव में रविवार देर रात उस समय हड़कंप मच गया, जब इलेक्ट्रिक वाहनों में उपयोग होने वाली बैटरियों से भरे एक ट्रक में अचानक भीषण आग लग गई। आग की ऊंची-ऊंची लपटें और धुएं का गुबार दूर तक दिखाई देने लगा, जिससे आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही कुरई पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। समय रहते आग पर काबू पा लेने से पास स्थित पेट्रोल पंप तक आग नहीं पहुंची और एक बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार वाहन क्रमांक यू पी -16 क्यू टी -3397 चेन्नई से नोएडा की ओर जा रहा था। ट्रक चालक राम सिंह यादव (43) निवासी ग्राम औरैया, थाना पट्टी, जिला प्रतापगढ़ (उत्तर प्रदेश) मोहगांव में सड़क किनारे वाहन खड़ा कर भोजन करने गया था। इसी दौरान ट्रक में अचानक आग भड़क उठी। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और प्रारंभिक स्तर पर आग बुझाने का प्रयास भी किया।

जनतानगर स्थित शासकीय कन्या छात्रावास एवं विद्यालय परिसर में फूड पॉयजनिंग

शैक्षणिक अव्यवस्थाओं और छात्राओं के उत्पीड़न को लेकर एनएसयूआई का आक्रोश, जांच एवं कार्रवाई की मांग

सिवनी नवभारत। जनतानगर स्थित शासकीय कन्या छात्रावास एवं विद्यालय परिसर में छात्राओं को परोसे गए भोजन की स्तिथि इतनी खराब है कि छात्राओं की थाली में इल्ली (कीड़ा) मिली हैं जिसकी वजह से कई छात्राओं की तबीयत बिगड़ गई और उन्हें फूड पॉयजनिंग की शिकायत के चलते अस्पताल में उपचार हेतु ले जाना पड़ा। यह घटना अत्यंत गंभीर है और छात्रावास एवं विद्यालय की व्यवस्थाओं पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े करती है।

मामले की जानकारी मिलने पर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के जिलाध्यक्ष धनंजय सिंह अपने साथियों विशाल काकोड़िया, देव राजपूत,हिमांशु ठाकुर एवं अजय सलाम के साथ छात्रावास एवं विद्यालय परिसर पहुँचे। छात्राओं से चर्चा के दौरान अनेक गंभीर समस्याएँ सामने आईं।

छात्राओं ने बताया कि छात्रावास में भोजन की गुणवत्ता अत्यंत खराब है, स्वच्छता का अभाव है तथा भोजन में गंभीर लापरवाही बरती जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि उनसे ही शौचालय साफ़ कराए जाते हैं, जो अत्यंत आपत्तिजनक है और छात्राओं की गरिमा के विपरीत है।

छात्राओं ने यह भी बताया कि विद्यालय में लंबे समय से खेलकूद के शिक्षक नहीं हैं, नियमित रूप से कक्षाएँ संचालित नहीं हो रही हैं तथा शैक्षणिक वातावरण लगातार प्रभावित हो रहा है। छात्राओं के अनुसार कुरई के प्राचार्य को यहाँ का अतिरिक्त प्रभार दिए जाने के बाद सिवनी की छात्राओं के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। साथ ही, विद्यालय प्रशासन द्वारा बात-बात पर टीसी (स्थानांतरण प्रमाण-पत्र) देने की धमकी देकर छात्राओं को डराया जाता है, जिससे वे अपनी समस्याएँ और शिकायतें खुलकर किसी के सामने नहीं रख पाती हैं।

एनएसयूआई जिलाध्यक्ष धनंजय सिंह ने कहा कि जिले के प्रत्येक छात्र-छात्रा की समस्याओं को उठाना और उनके अधिकारों की रक्षा करना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से आने वाली छात्राएँ शासन की योजनाओं के तहत छात्रावासों में रहकर शिक्षा प्राप्त करती हैं। ऐसे में उन्हें सुरक्षित वातावरण, स्वच्छ एवं पौष्टिक भोजन, सम्मानजनक व्यवहार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है। यदि इन मूलभूत सुविधाओं में लापरवाही बरती जा रही है, तो यह छात्राओं के अधिकारों के साथ गंभीर अन्याय है। एनएसयूआई ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए, फूड पॉयजनिंग और भोजन व्यवस्था में लापरवाही के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, छात्राओं से शौचालय साफ़ कराने जैसी अमानवीय प्रथा को तत्काल बंद किया जाए तथा विद्यालय एवं छात्रावास की सभी शैक्षणिक एवं प्रशासनिक अनियमितताओं को तत्काल दूर किया जाए।

यदि शीघ्र एवं प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई, तो एनएसयूआई छात्रहित में सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस मौके पर विशाल काकोड़िया, हिमांशु ठाकुर एवं अजय सलाम उपस्थित रहे।

बच्चों की सुरक्षा के लिए ग्रामीणों ने संभाली जिम्मेदारी

चक्की खमरिया-सिमरिया मार्ग को श्रमदान से किया गड्ढामुक्त

सिवनी नवभारत। विकास कार्यों में प्रशासनिक उदासीनता के बीच चक्की खमरिया से सिमरिया जाने वाले मार्ग पर ग्रामीणों, किसानों और स्कूल प्रबंधन ने मिलकर एक मिसाल पेश की है। यह सड़क छिंदवाड़ा जिले की सीमा तक जाती है और प्रतिदिन बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों तथा ग्रामीणों का आवागमन इसी मार्ग से होता है। लंबे समय से सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण बच्चों को स्कूल आने-जाने में भारी परेशानी और दुर्घटना का खतरा बना हुआ था।

जब जिम्मेदार विभागों और जनप्रतिनिधियों की ओर से कोई पहल नहीं हुई, तब चक्की खमरिया के किसानों ने स्वयं आगे बढ़कर अपने खर्च पर ट्रैक्टर लगाकर सड़क को गड्ढामुक्त करने का कार्य शुरू किया। इस जनहित कार्य में सिमरिया ग्राम पंचायत की सरपंच द्वारा जेसीबी मशीन उपलब्ध कराई गई, जिससे सड़क की मरम्मत का कार्य तेजी से पूरा किया जा सका।

इस सेवा कार्य में सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य विनोद चौरसिया ने भी आर्थिक सहयोग प्रदान किया। वहीं पंडित जवाहरलाल नेहरू हाई सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य अखिलेश तिवारी ने भी इस जनहित कार्य में सहयोग एवं आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कीं। इसके अलावा चक्की खमरिया ग्राम पंचायत के सरपंच ने भी अपना निजी ट्रैक्टर लगाकर कार्य में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि प्रशासन और जनप्रतिनिधि समय पर सड़क की मरम्मत करा देते, तो उन्हें स्वयं यह जिम्मेदारी नहीं उठानी पड़ती। उनका कहना है कि बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए मजबूरी में उन्हें अपने संसाधनों और श्रम से सड़क को चलने योग्य बनाना पड़ा।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि इस मार्ग का स्थायी निर्माण कराया जाए, ताकि भविष्य में बच्चों, किसानों और आम नागरिकों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

जब व्यवस्था मौन रही, तब ग्रामीणों ने सेवा भाव से विकास की राह खुद बना दी। अब सवाल यह है कि आखिर प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी कब निभाई जाएगी?

एनसीसी कैडेट ने खैरीटेक में किया पौधरोपण

सिवनी नवभारत। मॉडर्न हायर सेकेंडरी स्कूल सिवनी के एनसीसी कैडेट द्वारा 24 एमपी एनसीसी बटालियन छिंदवाड़ा के कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल अमनप्रीत सिंह के आदेशानुसार 12 जुलाई को सिवनी के ग्राम खैरिटेक सीलादेही मे वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत बड़े पैमाने पर आम,नीम,और जामुन के पौधों से वृक्षारोपण किया गया गया।इस अभियान के अंतर्गत कैडेट्स के द्वारा 120 पौधे लगाए गए, वृक्षारोपण अभियान मे कैडेट्स के साथ शाला की प्राचार्या श्रीमती डॉ. वंदना एन. तिवारी मैडम, शाला के डायरेक्टर जनक तिवारी सर, संतोष चौबे सर,एनसीसी ऑफिसर मधुर प्यासी सर,मनीष मोनू मिश्रा सर,और एक्स आर्मी कमांडो मनोज कुमार यादव सर ने भी कैडेट्स के साथ वृक्षारोपण किया। इसके अतिरिक्त बटालियन के कमान अधिकारी के आदेशानुसार शाला मे एनसीसी की एसएससीडी गतिविधियों के अंतर्गत विकसित भारत अभियान 2047 के लक्ष्य को ध्यान मे रखते हुए नारी शक्ति पर एक सेमीनार का आयोजन किया गया। इसी कार्यक्रम की अगली कड़ी मे शाला मे विश्व महासागर दिवस पर भी एक सेमीनार का आयोजन किया गया। उपरोक्त सभी कार्यक्रम मे शाला के सभी एनसीसी कैडेट्स और समस्त शाला स्टाफ उपस्थित रहा।

सभी आयोजित कार्यक्रमों की सफलता पर शाला की प्राचार्या महोदया द्वारा सभी एनसीसी कैडेट्स को अपनी शुभकामनायें प्रेषित की गई।

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत कामाख्या देवी के लिए निकले श्रद्धालु

छपारा नवभारत। मध्यप्रदेश शासन की मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत कामाख्या धाम (असम) की तीर्थ यात्रा पर रवाना हो रहे लगभग बीस श्रद्धालुओं का शनिवार को नगर परिषद छपारा परिसर में तिलक लगाकर एवं पुष्पमाला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए उनकी यात्रा के सुखद, सुरक्षित एवं मंगलमय होने की कामना की।

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत सिवनी जिले से कुल 196 श्रद्धालु 11 जुलाई से 16 जुलाई 2026 तक आयोजित कामाख्या धाम यात्रा के लिए रवाना हुए हैं। कलेक्टर नेहा मीना के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा यात्रियों के लिए पंजीयन, आवागमन, भोजन, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधा सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, ताकि श्रद्धालुओं को यात्रा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

रवानगी के अवसर पर श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के माध्यम से नि:शुल्क तीर्थ यात्रा का अवसर उपलब्ध कराने के लिए मध्यप्रदेश शासन एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर नगर परिषद छपारा अध्यक्ष निशा पटेल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी गीता बाल्मीकि, नगर परिषद के पार्षदगण, अधिकारी-कर्मचारी एवं श्रद्धालुओं के परिजन उपस्थित रहे।

रहस्यमयी परिस्थितियों में पेड़ से लटका मिला महिला का शव

केवलारी नवभारत। केवलारी के ग्राम डोभ में एक महिला का शव पेड़ से फंदे पर लटका मिलने की घटना ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी। रविवार शाम घर से अचानक लापता हुई महिला सोमवार सुबह ग्राम देवकरण टोला के समीप गंगा नदी के पास एक खेत में पेड़ से लटकी मृत अवस्था में मिली। सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई, वहीं पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। मृतका की पहचान सोमकली मरकाम (पति हरि सिंह मरकाम), निवासी ईश्वरपुर के रूप में हुई है। बताया गया कि वह पिछले लगभग दो वर्षों से ग्राम डूब में अपनी बेटी और दामाद के साथ रह रही थीं। परिजनों के अनुसार रविवार शाम करीब 7 बजे वह घर से निकली थीं, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटीं। काफी तलाश के बावजूद उनका कोई पता नहीं चल सका। सोमवार सुबह खेत पर पहुंचे एक किसान ने पेड़ से फंदे पर लटका शव देखा और तत्काल ग्रामीणों तथा केवलारी पुलिस को सूचना दी।

पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर पंचनामा कार्रवाई पूरी की और शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल केवलारी भेज दिया। प्रारंभिक जांच में मौत के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है।

पुलिस का कहना है कि फिलहाल किसी भी संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। महिला ने आत्महत्या की है या फिर किसी ने हत्या कर घटना को आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया है, इसकी जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

आयोजन | **15 जुलाई से 12 नवंबर तक आयोजित की जाएगी खेल गतिविधियां**

जुलाई से नवंबर तक चलेंगे शिक्षा विभाग में प्रतिदिन खेल

सिवनी नवभारत। विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेल के महत्व को प्रतिपादित करने के लिए जिला कलेक्टर के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी आशुतोष दीक्षित के मार्गदर्शन में सहायक जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र सिंह पाटिल एवं शिक्षा विभाग की खेल अधिकारी जस्सी थॉमस की उपस्थिति में खेल शिक्षकों की बैठक आयोजित की गई इस बैठक में होने वाली खेल गतिविधियों को लेकर न केवल चर्चा की गई बल्कि विभिन्न खेलों के संबंध में तिथि बार कैलेंडर की घोषणा की गई इन खेलों में विशेष रूप से 15 जुलाई को बुशु 17 जुलाई को उदय पब्लिक स्कूल सिवनी योगासन एवं योग 18 जुलाई को तिलक स्कूल सिवनी बॉक्सिंग उदय पब्लिक स्कूल सिवनी वेटलिफ्टिंग 21 को बैडमिंटन 22 जुलाई को टेबल टेनिस 24 जुलाई को मलखंब 25 जुलाई को जिमनास्टिक 27 जुलाई को फुटबॉल 29 जुलाई को मिशन बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिवनी रोप स्कीपिंग 21 जुलाई को करते 1 अगस्त को शतरंज 4 अगस्त को लॉन टेनिस 6 अगस्त को गतका नया खेल 8 अगस्त को लगोरी 11 अगस्त को कुश्ती 12 अगस्त को बाल बैडमिंटन 17 अगस्त को तीरंदाजी 19 अगस्त को बास्केटबॉल 21 अगस्त को वॉलीबॉल 24 अगस्त को और बाल 27 अगस्त को को 29 अगस्त को कबड्डी 21 अगस्त को एवं 1 नवंबर को 7 नवंबर को एवं 8 नवंबर को एथलेटिक्स 8 नवंबर को क्रिकेट 10 नवंबर को एवं 11 12 नवंबर को आयोजित किया जाएगा ।

बैठक में इनकी रही उपस्थिति

इस कार्यक्रम का संचालन उत्कृष्ट विद्यालय के खेल शिक्षक देवेंद्र ठाकुर द्वारा किया गया उन्होंने इन खेलों के दौरान आने वाली तकनीकी समस्याओं के निदान को लेकर भी अपनी बात रखी ज्ञातव्य है कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस हायर सेकेंडरी साल सिवनी में होने वाली शैक्षिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से अपनी भूमिका निभाने वाले यादुराज उईके स्कूली बच्चों को खेलकूद के दौरान आने वाली कठिनाइयों को लेकर अपनी बात रखीबैठक में जिला शिक्षा विभाग से अनुराग तिवारी शैलेंद्र साहू सहित संदीप मिश्रा निषाद खान योगेश पाठक आशीष दीक्षित सुनील मर्सकोले कैलाश कपोल प्रेम श्रीवास्तव अरविंद चंद्रवंशी आशीष तिवारी अनिल पाठक सुनील बरकड़े अनिल राजपूत यदुराज उईके सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे ।

15 जुलाई तक शासकीय महाविद्यालय बरघाट में प्रवेश मेला

सिवनी नवभारत। शासन के निर्देशानुसार अतिरिक्त सीएलसी राउंड के अंतर्गत 08 से 15 जुलाई 2026 तक शासकीय महाविद्यालय बरघाट में प्रवेश मेला आयोजित किया जा रहा है। मेले का उद्देश्य अधिक से अधिक विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा से जोड़ना तथा महाविद्यालय में रिक्त सीटों पर प्रवेश सुनिश्चित करना है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी.एल. इनवाती के मार्गदर्शन में आयोजित प्रवेश मेले में विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों, विषय चयन, प्रवेश प्रक्रिया, छात्रवृत्ति, ई-प्रवेश पोर्टल, रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के विभिन्न प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उन्हें निर्धारित समय-सीमा के भीतर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया गया।

प्रवेश प्रभारी प्रो. छत्रपाल सिंह जाटव ने अतिरिक्त सीएलसी राउंड की प्रवेश प्रक्रिया, उपलब्ध रिक्त सीटों तथा आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों से समय रहते प्रवेश सुनिश्चित करने का आग्रह किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. पंकज कुमार गहरवार के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने प्रवेश जागरूकता अभियान चलाकर विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को उच्च शिक्षा के महत्व से अवगत कराया।

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि राहुल भगत पिता अखिलेश भगत जाती पवांर एवं कु. रक्षा भगत पिता अखिलेश भगत दोनों निवासी ग्राम उगली तहसील केवलारी जिला सिवनी मध्य प्रदेश के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम उगली प.ह. उगली प.ह. नं. 54,रा.नि. मं. उगली तहसील केवलारी जिला सिवनी स्थित संपत्ति जिसका खसरा नंबर 220 रकबा 0.01 हेक्टेयर खसरा नंबर 141/1रकबा 0.02 हेक्टेयर खसरा हल्का नंबर 229 रखवा 0. 02 हे.ख. नं. 231/ 56 रकबा 0.01 हे. जो कि राहुल भगत पिता अखिलेश भगत के नाम पर दर्ज है, एवं ग्राम उगली प. ह. नं.उगली प. ह. नंबर 54 रा. ह. नं. उगली तहसील केवलारी जिला सिवनी स्थित संपत्ति जिसका ख.नं.104 / 3 / 2 रकबा 0.20 हे.भूमि जो की कु. रक्षा भगत पिता अखिलेश भगत के नाम पर दर्ज है, को मेरे पक्षकार अर्थात मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा उगली के समक्ष ऋण प्राप्त करने हेतु बंधक रखा जा रहा है, उक्त वर्णित संपत्तियों के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, फर्म,गृह निर्माण सहकारी संस्था सरकारी व गैर सरकारी कार्यालय को कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति कहीं दान, बंधक, गिरवी हस्तांतरण, विक्रय, विक्रय अनुबंध इत्यादि हो तो वह व्यक्ति फॉर्म बैंक अथवा संस्था (सोसायटी) इस सूचना प्रकाशन के सात दिवस के अंदर मेरे कार्यालय या मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा उगली 7 दिनों के अंदर संपर्क करें,07 दिनों के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

दिनांक :- 11/07/2026

भवदीय
अशोक कुमार यादव
अधिवक्ता सिविल कोर्ट केवलारी सिवनी
जिला सिवनी, मोबाइल --94078 14445